भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †5929
सोमवार, 30 मार्च, 2026/9 चैत्र, 1948 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान

†5929. डॉ. थोल तिरूमावलवन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कार्यरत भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान (आईआईटीटीएम) की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ख) प्रत्येक आईआईटीटीएम में संचालित किए जाने वाले पाठ्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): वर्ष 1983 में स्थापित भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान (आईआईटीटीएम) यात्रा एवं पर्यटन संबंधी शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है। यह पर्यटन और यात्रा उद्योग के लिए विशेषज्ञता-युक्त प्रशिक्षण और शिक्षा प्रदान करता है। ग्वालियर में स्थित मुख्यालय के साथ ही आईआईटीटीएम के देश में 5 परिसर और 2 कैंप कार्यालय हैं। आईआईटीटीएम वर्तमान में निम्नलिखित पाठ्यक्रम प्रदान करता है:

i. व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर (पर्यटन और यात्रा प्रबंधन), द्विवर्षीय पाठ्यक्रम।
ii. व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक (पर्यटन और यात्रा), त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम।
iii. पूर्ण और अंशकालिक माध्यम में पीएचडी पाठ्यक्रम।
iv. इसके अलावा, आईआईटीटीएम अल्पकालिक प्रमाणन और कौशल विकास पाठ्यक्रम भी प्रदान करता है।

आईआईटीटीएम के केंद्रों और इसके प्रत्येक केंद्र में पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रमों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

डॉ. थोल तिरूमावलवन द्वारा भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान के संबंध में दिनांक 30.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †5929 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

आईआईटीटीएम के केंद्रों और प्रत्येक केंद्र में पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार है:

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>केंद्र/कैंप का नाम</th><th>पता</th><th colspan="3">पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रम</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>आईआईटीटीएम, ग्वालियर (मुख्यालय)</td><td>गोविंदपुरी-474011 (मध्य प्रदेश)</td><td>बीबीए (टीएंडटी)</td><td>एमबीए (टीटीएम)</td><td>पीएचडी</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>आईआईटीटीएम, भुवनेश्वर</td><td>दमदम, भुवनेश्वर-751009 (ओडिशा)</td><td>बीबीए (टीएंडटी)</td><td>एमबीए (टीटीएम)</td><td>पीएचडी</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>आईआईटीटीएम, नोएडा</td><td>प्लॉट सं. ए-36, सेक्टर-62 नोएडा-201309 (उत्तर प्रदेश)</td><td>बीबीए (टीएंडटी)</td><td>एमबीए (टीटीएम)</td><td>पीएचडी</td></tr>
<tr><td rowspan="2">4.</td><td rowspan="2">आईआईटीटीएम, गोवा</td><td rowspan="2">राष्ट्रीय जल क्रीडा संस्थान, ऐवावो, डोना पाउला सर्कल के पास, करन्जलिम, पणजी-403001 (गोवा)</td><td>बीबीए (टीएंडटी)</td><td>एमबीए (टीटीएम)</td><td>पीएचडी</td></tr>
<tr><td colspan="3">वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज़ में अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>आईआईटीटीएम, नेल्लोर</td><td>साउथ कैंपस, कोलागामुडी, नेल्लोर-524321 (आंध्र प्रदेश)</td><td>बीबीए (टीएंडटी)</td><td>एमबीए (टीटीएम)</td><td>पीएचडी</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>आईआईटीटीएम कैंप, शिलांग</td><td>आईएचएम कैंपस, मावदियांगदियांग, पूर्वी खासी हिल जिला, शिलांग-793018 (मेघालय)</td><td colspan="3">अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम और क्षमता निर्माण कार्यक्रम</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>आईआईटीटीएम कैंप, बोधगया</td><td>आईएचएम कैंपस, मगध यूनिवर्सिटी कैंपस के सामने, गया - डोभी रोड, बोधगया-824231 (बिहार)</td><td colspan="3">विभिन्न विदेशी भाषाओं में अल्पकालिक भाषा संबंधी पर्यटक सुविधाप्रदाता प्रशिक्षण कार्यक्रम</td></tr>
</table>

*****